एक नजर में

ससुराल और देवास में दबिश, आरोपी अब भी फरार

इंदौर. शिप्रा थाना क्षेत्र के बागरी मोहल्ला, इमली वाली गली में हुई हत्या के आरोपी की तलाश में पुलिस ने सोमवार रात कई ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की, लेकिन उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिल सकी. एसडीओपी प्रशांत भदौरिया ने बताया कि 45 वर्षीय प्रकाश पिता गंगाराम बागरी की हत्या के मामले में उसका ही भाई रामेश्वर पिता गंगाराम फरार है. घटना के बाद से आरोपी लापता है और उसने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया है. आरोपी की तलाश में पुलिस ने देवास स्थित उसके ससुराल, इंदौर, मांगलिया और आसपास के अन्य स्थानों पर दबिश दी. हालांकि अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और टीमों को सक्रिय कर दिया है.

पुराने विवाद में युवक पर चाकू से हमला

इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र के रूपनगर इलाके में देर रात पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए. पहले गाली-गलौज हुई और फिर बात इतनी बढ़ी कि एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया. हमले में युवक लहूलुहान हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया है. दुर्गानगर निवासी त्रिलोक पिता जीवनसिंह की रिपोर्ट पर आरोपी वरुण उर्फ डमरू मराठा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. फरियादी का कहना है कि वह रूपनगर चौराहा, बांगड़दा रोड पर खड़ा था, तभी वरुण वहां पहुंचा और पुराने मामले में रिपोर्ट लिखाने को लेकर विवाद करने लगा. विरोध करने पर आरोपी ने चाकू से सीने पर दो वार कर दिए. इधर, दूसरे पक्ष ने भी पलटवार करते हुए शिकायत दर्ज कराई है. विद्या पैलेस निवासी वरुण पंवार ने थाने में बताया कि वह सामान लेने के लिए रूपनगर चौराहा पहुंचा था, जहां त्रिलोक और बंटी चौहान ने उसे गालियां दीं और लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया. पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अलग-अलग केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

राजवाड़ा से शुरू हुआ रेबीज़ मुक्त अभियान

इंदौर. शहर को रेबीज़ हाइड्रोफोबिया से मुक्त बनाने के लिए रविवार को ऐतिहासिक राजवाड़ा से अभियान का शुभारंभ किया गया. यह अभियान विश्व पशु चिकित्सा सेवा डब्ल्यूवीएस के सहयोग से जरूरतमंद पूंछ फाउंडेशन, पीएफए इंदौर, जसराज पशु आश्रय और अन्य पशु कल्याण संस्थाओं द्वारा चलाया जा रहा है. कार्यक्रम में जरूरतमंद पूंछ फाउंडेशन के संस्थापक कार्तिक तंवर, पीएफए इंदौर की अध्यक्ष प्रियांशु जैन और जसराज पशु आश्रय की संचालिका कोमल डोलेकर उपस्थित रहीं. वहीं स्वयंसेवक निखिल, स्मिता, हर्ष, भारत, वैश्नवी, साधना और दिव्या ने सक्रिय भूमिका निभाई. अभियान के तहत आज से पूरे इंदौर शहर में कुत्तों को रेबीज़ रोधी टीके लगाए जाएंगे. इस पहल का मकसद इंदौर को जल्द से जल्द रेबीज़ मुक्त शहर बनाना और नागरिकों व पशुओं दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है.

शातिर बदमाश संतोष 'बारीक' को किया जिला बदर

इंदौर. शहर में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त शातिर बदमाश संतोष उर्फ बारीक को पुलिस आयुक्त ने जिले की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला बदर कर दिया है. उसे छह माह तक इंदौर शहरी और देहात समेत आसपास के सीमावर्ती जिलों में प्रवेश करने पर रोक लगाई गई है. पुलिस के मुताबिक 36 वर्षीय संतोष उर्फ बारीक पिता रमेश सोनगिरे निवासी राज नगर, पवार हाउस के पास, थाना चंदन नगर का रहने वाला है और लगातार आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहता था. उसके खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं. चंदन नगर थाना पुलिस टीम ने क्षेत्र में लाउडस्पीकर से आदेश का प्रसारण कर बदमाश और उसके परिजनों को नियमों का पालन करने की चेतावनी दी है. पुलिस ने साफ किया कि आदेश का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

महू कैडेट्स ने सीखे जीवन रक्षा के उपाय

महू. मिलिट्री अस्पताल महू में चल रहे हैं 12 दिवसीय एम एच अटैचमेंट कैंप में भेरुलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू के 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर एवं 1 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी इंदौर, 1 एम पी एयर स्क्वाड्रून एनसीसी इंदौर तथा 2 एम पी आर्म्ड स्क्वाड्रून एनसीसी इंदौर के कैडेट्स को प्राथमिक उपचार की संपूर्ण जानकारी दी जा रही है. एनसीसी ग्रुप इंदौर की 9 एम पी बटालियन एनसीसी इंदौर के कमान अधिकारी कर्नल मोहन तिवारी ने बताया कि सेना अस्पताल में कैडेट्स को सी पीआर विधि से किसी की जान बचाने के बारे में जानकारी दी गई. इसके साथ ही कैप्टन सुकृता ने कैडेट्स को पट्टियों (बैंडेज) के प्रकार एवं उनको बांधने के विभिन्न तरीकों के बारे में बताते हुए आकस्मिक स्थिति में किस प्रकार से उपलब्ध साधनों को पट्टियों के रूप में प्रयोग कर किसी की जान बचाई जा सकती है, के बारे में अहम जानकारियां दी. सेना अस्पताल के नायब सूबेदार पंकज ने स्प्लिंट्स, स्लिंग्स एवं पट्टियों का प्रयोग बताते हुए कैडेट्स को प्रैक्टिकल प्रैक्टिस भी कार्वाई. लेफ्टिनेंट कर्नल ललिता अलरिया ने कैडेट्स को संक्रमण के निदान हेतु की जाने वाली कार्रवाई के विषय में जानकारियां दी. मेजर प्रत्यूषा ने निगलने से, गैसों से, इंजेक्शन से, त्वचा के अवशोषण, से होने वाले विषाक्तता के बारे में कैडेट्स को बताते हुए इससे बचाने के उपायों पर प्रकाश डाला. कैंप के दौरान मेजर मोहंता ने बेसिक लाइफ सेविंग बीएलएस पर अहम जानकारियां देते हुए कैडेट्स को डेमॉसट्रेशन देते हुए बताया कि किस प्रकार हम आकस्मिक आपदा के दौरान आमजन की मदद करके उनके जीवन की रक्षा करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं. इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल ललिता अलरिया ने आपदा के दौरान प्राथमिक उपचार की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कैडेट्स को जागरूक किया. इस कैम्प में मेजर डॉ कृष्णा भूरिया के नेतृत्व में 40 कैडेट्स भाग ले रहे हैं.

शिविर में की गई नि :शुल्क दांतो की जांच

महू. मुनि श्री का जन्म उत्सव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण उत्सव के रूप में मनाया गया. श्री तेग बहादुर विद्यालय परिसर मोहन टाकीज के पास डेंटल कॉलेज आफ राऊ के सहयोग से सामाजिक संस्था प्रज्ञा सागर प्रबुद्ध संघ के प्रमुख जगमोहन सोन ने बताया कि वार्ड क्रमांक 3 के सेकंड रहवासियों के साथ स्कूल के सैकड़ो छात्र-छात्राओं का मुख से संबंधित रखरखाव एवं दांत की जांच निशुल्क जांच की गई.

एमवाय अस्पताल में लापरवाही चूहों ने नवजातों को बनाया शिकार

- दो दिन में दो मासूमों के हाथ कुतरे
- प्रबंधन अब पेस्ट कंट्रोल कराने में जुटा

नव भारत न्यूज

इंदौर. प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय एमवाय अस्पताल में फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है. नवजात शिशु वार्ड में चूहों ने दो मासूमों के हाथ कुतर दिए. घटनाएं लगातार दो दिन में हुईं. रविवार को पहले एक बच्चे को चूहे ने काटा तो सोमवार को फिर दूसरे नवजात को निशाना बनाया गया. इस पर स्टाफ ने सीनियर डॉक्टरों को सूचना दी, जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया.

दोनों बच्चों को जन्म के तुरंत बाद नवजात यूनिट में भर्ती किया गया था. रविवार को जब पहली बार एक शिशु को चूहा कुतर गया, तब डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया था. लेकिन अगले ही दिन दूसरी घटना के बाद मामला गंभीर हो गया. बताया जाता है कि यूनिट और अस्पताल



परिसर में चूहों की भरमार है. यहां तक कि स्टाफ भी एक बड़े चूहे की मौजूदगी से सहम जाता है. वरिष्ठ डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि दोनों बच्चों का इलाज चल रहा है और विशेष निगरानी रखी जा रही है. वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश लाहोटी ने माना कि अस्पताल में चूहों की समस्या बढ़ गई है. उन्होंने स्टाफ को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और यूनिट में चूहों की आवाजाही रोकने के निर्देश दिए हैं.

> **परिजन ला रहे खाद्य सामग्री**
>
> वहीं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव का कहना है कि मरीजों के परिजन खाने-पीने की सामग्री लेकर वार्ड तक पहुंच जाते हैं, जिससे चूहों की संख्या तेजी से बढ़ी है. उन्होंने कहा कि पांच साल पहले यहां पेस्ट कंट्रोल किया गया था, लेकिन उसके बाद स्थिति बिगड़ गई है. अब बड़े स्तर पर पेस्ट कंट्रोल और सफाई अभियान चलाया जाएगा. फिलहाल, परिजनों को घटना की जानकारी नहीं दी गई है ताकि घबराहट का माहौल न बने. हालांकि, अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि सभी नवजातों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और सुरक्षा इंतजाम सख्त किए जा रहे हैं.

पेट्रोल पंप लूटने की बना रहे थे योजना

- डकैती की योजना बनाते 5 बदमाश गिरफ्तार
- कनाडिया पुलिस ने पकड़ा गिरोह, 14 लाख का माल बरामद

नव भारत न्यूज

इंदौर. कनाडिया पुलिस ने देर रात बड़ी सफलता हासिल करते हुए डकैती की योजना बना रहे पांच लिस्टेड बदमाशों को धर दबोचा, आरोपियों से करीब 14 लाख रुपए का चोरी का माल और वारदात में प्रयुक्त औजार जब्त किए गए हैं. पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ में चार नकबजनी की घटनाओं को कबूल किया है.

एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एलएनसीटी कॉलेज के पास निर्माणाधीन बायपास ब्रिज पर कुछ बदमाश हथियार लेकर पेट्रोल पंप लूटने की योजना बना रहे हैं. इस पर थाना प्रभारी डॉ. सहर्ष यादव ने टीम गठित कर घेराबंदी की और पांचों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया. सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने कनाडिया थाना क्षेत्र की चार नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकारी. आरोपी सुनसान कॉलोनियों और बंद मकानों की रैकी कर ताले तोड़ते थे और सफाई से वारदात को अंजाम देते थे. गिरफ्तार बदमाशों में शाहरुख पिता हनीफ शाह निवासी बगिया कॉलोनी जूनी इंदौर, गुलाम पिता इसाक पटेल निवासी राजीव नगर बडला खजराना, अकरम उर्फ चिना पिता मुन्ना खान निवासी ताज नगर खजराना, सोहेल पिता शाकिर अंसारी निवासी विजय पैलेस जूनी इंदौर और सलमान उर्फ मॉडल पिता सलीम खान निवासी इलयास कॉलोनी खजराना शामिल हैं. गिरफ्तारी और माल बरामदगी की कार्रवाई में थाना प्रभारी डॉ. सहर्ष यादव, उपनिरीक्षक सचिन आर्य, दीपक पालिया, दिलीप बगडावद समेत साइबर सेल जोन-2 की टीम की अहम भूमिका रही.

> **यह सामग्र की जब्त**
>
> आरोपियों से 2 सोने की चैन, 1 सोने का नेकलेस सेट, 4 अंगूठियां, 3 पेंडेंट, 1 सोने का कड़ा, 4 जोड टॉप्स, चांदी की पायलें, अंगूठियां, बिछुए, एक मोबाइल, 40 हजार रुपए नकद, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के अलावा औजार टॉमी, पेचकस, छैनी, मिर्च पाउडर बरामद किए गए. जब्त माल की कीमत करीब 14 लाख रुपए आंकी गई है.

कपड़े सुखाने गई छात्रा दूसरी मंजिल से गिरी, मौत

इंदौर. संविद नगर में रविवार को हुए एक दर्दनाक हादसे में फर्स्ट ईयर की छात्रा की मौत हो गई. घर की दूसरी मंजिल की बालकनी में कपड़े सुखाने गई छात्रा पैर फिसलने से नीचे गिर गई. गंभीर रूप से घायल युवती को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया.

तिलक नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली मृतका खुशी बंसल पिता बनवारी बंसल है. दोपहर करीब एक बजे वह घर की दूसरी मंजिल पर कपड़े सुखाने गई थी. इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह असंतुलित होकर नीचे गिर गई. परिवार और पड़ोसी तुरंत उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. खुशी के भाई राजू ने बताया कि उनका परिवार उक्त मकान की दूसरी मंजिल पर किराए से रहता है. हादसे के समय घर के सभी सदस्य मौजूद थे. इसी तरह एक अन्य युवक की संदिग्ध मौत का मामला भी सामने आया है. लसूड़िया पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय गंगराती पिता करारसिंह, निवासी निरंजनपुर का शव एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया. प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मृतक शराब का आदी था, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

स्ट्राइकर क्लब के बाहर खूनी संघर्ष

- पांच बदमाशों को किया गिरफ्तार

इंदौर. पुरानी रंजिश को लेकर स्ट्राइकर क्लब के बाहर रविवार रात बदमाशों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया था. वारदात में फरियादी गोविंदा भाटी निवासी अलीराजपुर गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने घटना के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को दबोच लिया है, जबकि उनके कुछ साथी अब भी फरार बताए जा रहे हैं.

घटना शनिवार रात करीब 11.50 बजे की है. घायल गोविंदा ने पुलिस को बताया कि वह स्ट्राइकर क्लब के पास खड़ा था, तभी प्रशांत डुडवे, शिवम डुडबे, प्रियम गुप्ता, लक्की डावर व अन्य साथी वहां पहुंचे और पिछले साल अलीराजपुर में गरबे के दौरान हुए झगड़े की रंजिश को लेकर हमला बोल दिया. आरोपियों ने चाकू, बेल्ट और डंडों से मारपीट की तथा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी. लसूड़िया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की जांच के दौरान पुलिस ने कृतिश सोलंकी, प्रशांत डुडवे, प्रियम गुप्ता, प्रतीक नरवरे और लक्की डाबर को गिरफ्तार कर लिया. इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और घटना में शामिल उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है.

पुलिस परिवार ने साथियों को दी भावुक विदाई

- 10 सेवानिवृत अधिकारियों को ससम्मान विदा किया
- पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में हुआ समारोह

इंदौर. शहर पुलिस ने सोमवार को अपने 10 सेवानिवृत्त अधिकारियों को ससम्मान विदा किया. पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित इस समारोह में न केवल पुलिस अधिकारी बल्कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के परिजन भी मौजूद रहे, मौके पर भावुक यादों के साथ पुलिस परिवार ने अपने साथियों को नई पारी की शुभकामनाएं दीं.

कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को श्रीफल, मोमेंटो और पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया. उन्होंने कहा आप सभी ने जनता की सेवा करते हुए अनुशासित विभाग में अपने जीवन का अमूल्य समय दिया है. अब समय है कि आप स्वयं और परिवार को समय दें, स्वास्थ्य का ख्याल रखें और जीवन की नई पारी हंसी-खुशी जिएं. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय व अपराध मनोज कुमार श्रीवास्तव, डीसीपी मुख्यालय प्रकाश परिहार, एडीसीपी सीमा अलावा, एसीपी संजय सिंह बैस सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. उन्होंने भी सेवानिवृत्त साथियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह रिटायरमेंट नहीं, बल्कि जीवन की नई शुरुआत है. सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों में एसीपी धैर्य सिंह येवले, इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह चौहान, एसआई हनुमान सिंह, एएसआई विष्णु प्रताप सिंह, भरतलाल, कैलाश गावड़े, प्रधान आरक्षक प्रदीप कुमार, रविन्द्र सिंह कुशवाह, रामनरेश शामिल रहे. समारोह में पुलिस अधिकारियों के परिजनों ने भी अपने अनुभव साझा किए. वहीं सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी सेवाकाल की खट्टी-मीठी यादें सुनाकर सभी को भावुक कर दिया. अंत में डीसीपी मुख्यालय ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि पुलिस परिवार हमेशा आपके साथ है.

स्कीम 140 चौपाटी पर मारपीट का विवाद

इंदौर. स्कीम नंबर 140 चौपाटी पर रविवार रात दो पक्षों के बीच शादी की बात को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया. लात-घूंसों और डंडों से चल रही झड़प के बीच माहौल बिगड़ता, इससे पहले ही तिलकनगर पुलिस मौके पर पहुंच गई और सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया. पुलिस ने दोनों पक्षों पर अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर ली है.

पुलिस आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन क्लीन के दौरान इस हॉटस्पॉट भ्रमण में कार्रवाई की गई. पुलिस की फुर्ती से बड़ा विवाद और जन-धमाल होने से टल गया. दरअसल, विनोबा नगर निवासी जितेंद्र मालवीय की बेटी की शादी का रिश्ता पालदा निवासी अभय ठाकुर से तय हो रहा था. तारीख को लेकर विवाद गहराया और दोनों पक्ष स्कीम नंबर 140 चौपाटी पर बातचीत के लिए मिले. चर्चा के दौरान बात बिगड़ गई और दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई. देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया और लोग भी एकत्रित हो गए. तिलकनगर पुलिस टीम ने झगड़े पर तत्काल काबू पाया. बाद में सभी आरोपियों से वहीं पर हाथों में तख्तियां पकड़वाकर सार्वजनिक रूप से इंदौर की जनता से माफी मंगवाई. आरोपियों ने आगे से ऐसी गलती न करने का आश्वासन भी दिया. गिरफ्तार आरोपियों पहला पक्ष शानू उर्फ अभिषेक मालवीय, शुभम मालवीय, पवन मालवीय, जितेंद्र मालवीय हैं, वहीं दूसरा पक्ष अभय ठाकुर, देवेंद्र, राहुल वर्मा रहे. पुलिस मामले में दोनों पक्षों से पूछताछ कर जांच कर रही है.

संत रामपाल की पुस्तक बंटने पर लोगों ने किया हंगामा

इंदौर. रावजी बाजार थाना क्षेत्र के पागनीसपागा इलाके में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब संत रामपाल के अनुयायी धार्मिक पुस्तकें बांट रहे थे. बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने इस पर कड़ा विरोध जताया. उनका आरोप है कि इन पुस्तकों में हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं.

विरोध के चलते रामपाल समर्थक महिलाओं को रोक लिया गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई. मामले की जानकारी मिलने पर विहिप के अनिल पाटिल और प्रचार प्रमुख देवा शर्मा भी थाने पहुंचे. पुलिस ने शिकायत के आधार पर अनुयायी निर्मला और रेणुका से पूछताछ की और उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले में जांच शुरु की.

रिकॉर्ड नहीं देने पर होस्टल संचालक पर केस-इंदौर. शहर में किराएदारों और बाहरी लोगों की जानकारी थाने में अनिवार्य रूप से देने के अभियान के तहत पुलिस ने एक और कार्रवाई की है. विजय नगर थाना पुलिस ने भाग्यश्री नगर स्थित आशा होम्स गर्ल्स होस्टल की जांच के दौरान पाया कि संचालक ने वहां रह रही युवतियों और काम कर रहे कर्मचारियों का वेरिफिकेशन नहीं कराया था. पुलिस टीम ने जब रिकॉर्ड की पड़ताल की तो संचालक लल्ला पटेल पुलिस और प्रशासन की निर्धारित शर्तों के दस्तावेज प्रस्तुत करने में नाकाम रहा. नियमों का पालन न करने पर विजय नगर पुलिस ने उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

समस्या | **बारिश ने खोल दी नगर निगम के कार्यों की पोल**

कम बारिश में ही उखड़ी सड़कें, हो गए गड्ढे

इंदौर. जन सुविधा के लिए शहर में सड़क निर्माण कार्य किया गया और इस पर नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए गए. वहीं एक बरसात ने ही विकास कार्य में हुए भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी.

नगर निगम द्वारा पिछले कुछ वर्षों से शहर में सड़क चौड़ीकरण और सड़क नव निर्माण के कार्य लगातार किए जा रहे हैं और आगे भी कई सड़क निर्माण के प्रस्ताव नगर निगम में पारित है. इस विकास कार्य को देखकर शहर के हर नागरिक की ने सराहना भी की. लेकिन यह विकास कार्य कितना सफल हुआ है यह बरसात होते ही पता चल गया. 15 अगस्त से शहर में थम-थम कर बरसात हो रही है. हल्की फुल्की बरसात रुकने के बाद लोगों की मुसीबतें बढ़ गई है क्योंकि बरसात थमते ही शहर भर की सैकड़ों सड़कों पर छोटे-बड़े गड्ढे उभर आए हैं. कुछ चौराहों पर तो सड़क उखड़ गई जिसकी गिट्टी चारों ओर फैली दिखाई दे रही है. इससे यहां साफ प्रतीत हो रहा है कि किस गुणवत्ता से सड़क निर्माण किया गया और इस पर सही मायनों में कितना पैसा खर्च हुआ होगा. इस भ्रष्टाचार की पोल कुदरत ने ही खोल कर रख दी है. गड्ढों की यहां कहानी नई बात नहीं है. इन गड्ढों के कारण कई राहगिरों की मौतें भी हो चुकी हैं फिर भी भ्रष्टाचार चरम पर है.

इनका कहना है...

ऐसे में शहर की तस्वीर बिगड़ जाती है. इन गड्ढों के कारण कई हादसे हो चुके हैं फिर भी किसी की आंखें नहीं खुलती. बस पेच वर्क कर देंगे. फिर अगले साल वही मुसीबत.

- जितेंद्र बंसीवाल

पिपलियाहाना यशवंत मार्ग जिसका निर्माण महाराज के समय में किया गया था. आज भी कई दशकों से वैसा के वैसा ही है. वर्तमान की सड़क आज बनती है. छः महीने बाद उखड़ जाती है.

- अमोल पाटील

उच्च गुणवत्ता वाला मटेरियल आज भी मिलता है. लेकिन उसमें मिलावट ना की जाए तो सड़कें सालों साल चल सकती है पर ऐसा क्यों नहीं होता. भ्रष्टाचार मिटाने वाले जिम्मेदार मौन क्यों है?

- मोहम्मद इमरान